RD NEWS CHANNEL
राजस्थान धड़कन न्यूज़
YouTube

# दैनिक राजस्थान धड़कन

जयपुर अजमेर भीलवाड़ा कोटा बारां उदयपुर से प्रकाशन
www.rajasthandhadkan.com

समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
प्रधान संपादक
बृजभान वैष्णव
नेशनल ब्यूरो चीफ
धर्मेंद्र सिंह जाजोता
9351055203
Gmail : rajasthandhadkan@gmail.com

वर्ष: 01 अंक : 61 दिनांक : 12-04-2024 मूल्य : 4 रु

## आतंकवाद पर राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को फिर दी चेतावनी



**राजस्थान धड़कन न्यूज़** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को उसकी धरती पर आतंकवाद से निपटने में भारत की ओर से सहायता की पेशकश की है। एक साक्षात्कार में राजनाथ सिंह ने इस्लामाबाद को आतंकवाद का उपयोग करके भारत को अस्थिर करने की कोशिश करने पर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी और कहा पाकिस्तान को आतंकवाद रोकना चाहिए और अगर वह असमर्थ महसूस करता है, तो भारत आतंकवाद को रोकने के लिए सहयोग करने के लिए तैयार है।

## केंद्रीय मंत्री रूपाला की उम्मीदवारी को लेकर राजपुत समाज में आक्रोश



**राजस्थान धड़कन न्यूज़** उदयपुर राजकोट लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री पुरूषोत्तम रूपाला की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही हैं गुजरात में रूपाला ने चुनावी सभा में रजवाड़ों को लेकर जो विवादास्पद बयान दिया था अब वह उनके गले की हड्डी बन गया है क्षत्रिय समाज गुजरात से लेकर यूपी-बिहार और अब राजस्थान में भाजपा आला कमान से मांग कर रहा है कि रूपाला की उम्मीदवारी को रद्द किया जाए क्षत्रिय समुदाय के बढ़ते विरोध के बीच रूपाला तीन बार माफी भी मांग चुके हैं मगर आक्रोश शांत नहीं हो रहा है आज उदयपुर में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना मेवाड़ की ओर से विरोध प्रदर्शन किया गया और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन देते हुए रूपाला के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की गई संगठन की ओर से ज्ञापन में बताया गया कि पुरुषोतम रूपाला ने चुनावी सभा में महिलाओं एवं बहन बेटियों के बारे में जो अभद्र टिप्पणी की है उससे पूरा राजपूत समाज आहत है। उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही करते हुए टिकट नहीं काटा गया तो भाजपा को चुनाव में नुकसान हो सकता है करणी सेना परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजसिंह शेखावत एवं श्री राजपूकरणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना को गुजरात में रूपाला के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार करना और पगड़ी व टोपी उतारना भी अशोभनीय है, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाए जिलाध्यक्ष जीवनसिंह सेनवाड़ा ने कहा कि हम आने वाले चुनावों में ईंट का जवाब पत्थर से देंगे

## रुपाला का किया विरोध व चुनाव बहिष्कार का किया एलान



**राजस्थान धड़कन न्यूज़** हीराराम सैन गुजरात अमीरगड पालनपुर अमीरगड तालुका के आवलग्राम पंचायत में ग्रामीणों ने चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया ग्रामीणों द्वारा रूपाला का विरोध किया गया और कहा कि जब तक पूर्व केंद्रीय मंत्री पुरषोत्तम रूपाला कि टिकिट नही कटती तब तक किसी भी भाजपा नेता कि आवल गाँव में चुनाव प्रचार हेतू नही घुसने दिया जाएगा साथ ही कहा की हर समाज कि बहन बेटियों का सम्मान एवम इज्जत करनी चाहिए

## सामाजिक न्याय, कर प्रबंधन, समावेशी नीतियां लोकतंत्र के सारे सूत्र रामराज्य से निकलते हैं



**राजस्थान धड़कन न्यूज़** मनुष्यता ने जितने सपने देखें हैं उनमें राम सबसे सुदंर और प्यारा सपना है। विश्वामित्र जब राम को लेने गए तो दशरथ ने कहा इसे ही क्यों ले जा रहे हो, मेरी सेना ले जाओ। विश्वामित्र ने कहा कि चार चीजें हैं इनमें से एक आ जाए तो इंसान अहंकारी हो जाता है। यौवनम, धन, पैसा, संपत्ति इनमें से एक आ जाए तो अनर्थ हो जाता है और अगर चारों साथ आ जाए तो महाअनर्थ। लेकिन आपके बेटे के पास चारों है फिर भी ये विनम्र है इसलिए इसे ले जा रहा हूं। तुलसी अपने काव्य में लगातार राम के लोकनायकत्व को निखारते हैं। राम का लोकतंत्रीकरण करते हैं। तुलसी शासक और जनता के आपसी रिश्ते को परिभाषित करते हैं। वे रामराज्य और जनता के बीच संपर्क सेतु हैं। श्री राम का वंश इक्ष्वाकु वंश कहलाता है। 'इक्ष्वाकु' शब्द 'इक्षु' से व्युत्पन्न है, जिसका अर्थ 'ईख' होता है। ईख अकेली फसल है जिसका सबकुछ काम में आता है। ईख इक्ष्वाकु वंश का प्रतीक है, जिसका ना रस समाप्त होता है न यश समाप्त होता है। उसी वंश से आने वाले राम का शासन दुनिया के लगभग हर लोकतंत्र का अंतिम लक्ष्य है। लोकतंत्र के सारे सूत्र इसी रामराज्य से निकलते हैं।

## ईसर जी रो केणो है वोट सभी ने देणो है



**राजस्थान धड़कन न्यूज़** दिनेश वैष्णव केकड़ी लोकसभा चुनाव 2024 के संदर्भ में आज केकड़ी विधानसभा क्षेत्र के समर्पित सहायक रिटर्निंग अधिकारी बंटी राजपूत के मार्गदर्शनानुसार केकड़ी शहर में वार्ड नंबर 7,8 व 9 में स्वीप मीडिया प्रभारी सत्यनारायण शर्मा के द्वारा गणगौर पूजन करने वाली महिलाओं को मतदान हेतु प्रेरित किया गया ।इस दौरान उन्होंने गणगौर पूजा करने वाली महिलाओं से खास बातचीत की तथा उन्हें आने वाली 26 अप्रैल को सुबह 7:00 बजे से 6:00 बजे तक मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने हेतु जागृत किया। इस दौरान हनी जांगिड़ ने बताया कि वह आने वाले लोकसभा चुनाव में अपना अपने परिवार का मतदान आवश्यक करेगी और करवाएगी तथा अपने आसपास रहने वाले लोगों को भी मतदान करने हेतु जागृत करेगी। वहां उपस्थित सभी महिलाओं ने" ईसर जी रो केणो है वोट सभी ने देणो है" नारा लगाकर मतदान करने हेतु उपस्थित सभी महिलाओं को जागृत किया। इस दौरान हनी जांगिड़, पूजा दाधीच , शिवानी आचार्य, सीमा शर्मा, प्रियंका शर्मा, ज्योति मिश्रा, एकता वर्मा व पूनम शर्मामौजूद रही

## शीजान,दलजीत कौर,शहजाद धामी हुए फाइनल



**राजस्थान धड़कन न्यूज़** सलमान खान का शो बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 जल्द ही पर्दे पर आने वाला है। बिग बॉस ओटीटी के पिछले दो सीजन सुपरहिट रहे थे। ऐसे में मेकर्स अब तीसरा सीजन लाने की योजना बना रहे है। हाल ही में बिग बॉस ओटीटी 3 के प्रीमियर डेट को लेकर अपडेट आया था। वहीं, अब शो में हिस्सा लेने वाले प्रतियोगियों के बारे में जानकारी सामने आई है। बिग बॉस 17 के खत्म होने के बाद अब दर्शकों को ओटीटी वर्जन का इंतजार है।

दैनिक राजस्थान धड़कन

पेज 3 दिनांक : 12-04-2024


# गणगौर की सामूहिक गोर्नियो का हुआ भव्य आयोजन संपन्न



**राजस्थान धड़कन न्यूज** बारां अखिल भारतीय अग्रवाल महिला जिला संगठन इकाई बारां की महिला जिला अध्यक्ष नीतू गुप्ता ने बताया कि अग्रवाल समाज द्वारा सभी त्योहारों की सामूहिक गोरनियो का भव्य आयोजन किया जाता है इस उपलक्ष में आज गणगौर की सामूहिक गोरनियो का भव्य आयोजन अस्पताल रोड स्थित अग्रवाल धर्मशाला में किया गया गणगौर के दिन शिव पार्वती का रूप लिए ईश्वर गणगौर की पूजा की जाती है सोलह सिंगार में सजी-धजी महिलाएं पूजा की थाली हाथ में लिए दोब फूल पाती से पूजा करके अमर सुहाग की कामना करती है महामंत्री मधु गोयनका ने बताया कि पूजा के बाद सभी सुहागिन महिलाएं अपने से बड़ों के पेड़ छूकर अमर सुहाग का आशीर्वाद लेती है इस दिन गुणों का विशेष महत्व माना जाता है सुहागिन महिलाएं गुणों का आपस में आदान-प्रदान करती है गणगौर का उजीवना करने के लिए 16 सुहागिन महिलाओं को भोजन करवाना अपना सौभाग्य मानती है इसी उपलक्ष्य में अग्रवाल समाज द्वारा सभी को एकता के सूत्र में सामूहिक गोनियों का आयोजन किया जाता है इस दिन महिलाएं गणगौर के गीत गा गा के पूजा करती है गोर गोर गोमती ईश्वर पूजे पार्वती पार्वती का आल्हा टीला गौर का सोने का टीला टीला दे ट मका दे राजा रानी व्रत करे इस तरह के सामूहिक गीत गाती है इस अवसर पर सुनीला अग्रवाल मंजू गोयल शीला सिंगल हेमलता गर्ग बबली अग्रवाल शीला गोयल राधा मित्तल अनीता जैन लक्ष्मी बंसल मंजू आनंद गर्ग मनी गर्ग उषा गोयल उपस्थित रही






# अजमेर दरगाह में ईद के मौके पर खुला जन्नती दरवाजा तोप दागने के बाद अदा हुई नमाज



**राजस्थान धड़कन न्यूज़** (कमल साहू) अजमेर देशभर में आज ईद उल फितर का जश्न मनाया जा रहा है. ऐसे में विश्व विख्यात ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह शरीफ (अजमेर शरीफ दरगाह ) में भी अकीदतमंदों का हुजूम देखने को मिल रहा है. ईद के मौके पर देशभर से जायरीन अजमेर ईद मनाने पहुंचे हुए हैं. इस मौके पर सूफी हजरत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैही के दरबार मे जन्नती दरवाजा (जन्नती दरवाज़ा ) खोला गया है. साल में 4 बार खुलने वाला जन्नती दरवाजे से बड़ी संख्या में जायरीन निकलकर अपने आप को बहुत खुश नसीब मानते हैं तोप दागने के बाद हुई नमाजइस जन्नती दरवाज़ा से अकीदतमंद 7 मर्तबा दाखिल होते हैं. दरगाह के खादिमों के मुताबिक, जन्नती दरवाजा को ईद उल फितर बकरीद, ख्वाजा साहब का सालाना उर्स और हजरत ख्वाजा उस्मान हारूनी के उर्स के मौके पर ही खोला जाता है मुल्क भर से बड़ी तादाद में जायरीन इस जन्नती दरवाजा के दीदार और दाखिल होने के लिए अजमेर पहुंचते हैं सुबह की 8 बजे तक ईदगाह परिसर नमाजियों से अट गया नमाजियों की कतारें ईदगाह से बाहर केसरगंज गोल चक्कर जा पहुंचीं इसके बाद तोप दागी गई और फिर नमाजियों ने नमाज अदा की डीएम-आईजी ने संभाली सुरक्षाअजमेर शहर में ईद का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है. इस मौके पर दरगाह केसरगंज स्थित ईदगाह सहित अजमेर की तमाम दरगाह में नमाज अदा की गई. एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी गई. इस अवसर पर सभी ने देश दुनिया में भाईचारा बना रहे एक दूसरे के प्रति नफरत खत्म हो, इसके लिए दुआ भी की गई अजमेर में मुख्य नमाज कैसरगंज स्थित ईदगाह में हुई. यहां पर अजमेर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की. चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात रहे इसी तरीके से ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह के आसपास भी पुलिस का अतिरिक्त जाप्ता तैनात रहा. जहां पुलिस के आला अधिकारी मौजूद रहे. जिला कलेक्टर डॉक्टर भारती दीक्षित आईजी लता मनोज कुमार, एसपी देवेंद्र कुमार विश्नोई, सहित बड़ी संख्या में पुलिस जाप्ता तैनात रहा घर-घर बनती हैं सेवइयांमीठी ईद का बहुत बड़ा महत्व है. रमजान के पवित्र महीने में मुस्लिम समाज के लोग एक महीने तक रोजे रखते हैं. यह महीना इबादत और दान-पुण्य का होता है. इस दौरान छोटे बच्चे भी रोजे रखते हैं. महीने भर इबादत के बाद ईदुल फितर का पर्व आता है और आज के दिन मुस्लिम समाज के लोग अपने घरों में मीठी सेवइयां बनाते हैं और एक दूसरे के घर जाकर ईद की मुबारकबाद भी देते हैं

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत



**राजस्थान धड़कन न्यूज़** प्रकाश वैष्णव भीलवाड़ा में ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई युवक का शव रेलवे ट्रैक के नीचे पड़ा हुआ था, जिसकी सूचना रास्ते से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को दी मामला रायला थाना क्षेत्र का है। यहां रेलवे ओवर ब्रिज के निकट ट्रेन की टक्कर लगने से एक युवक की मौत हो गई ट्रैक के नीचे शव पड़े होने की सूचना मिलने के बाद रायला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्च्यूरी में भिजवाया है तलाशी में मृतक की जेब से एक आधार कार्ड मिला है जिसके आधार पर उसकी पहचान राकेश (27) पिता शोभाराम निवासी बारा हाल रायला मॉडर्न मिल क्वार्टर के रूप में की गई पुलिस ने बताया है कि युवक रात को शराब पीकर नशे में रेलवे पटरी के पास आया था और इसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई रायला पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित किया है परिजनों के आने के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवा परिजनों को सौंपा और मामला दर्ज कर जांच शुरू की

# दैनिक राजस्थान धड़कन

पेज - 4 दिनांक : 12-04-2024


## माली समाज ने महात्मा ज्योतिबा फुले की 196वी जन्म जयंती मनाई



**राजस्थान धड़कन न्यूज** दिनेश वैष्णव केकड़ी के माली समाज द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले की 196 वी जन्म जयंती आज महात्मा ज्योतिबा फूले सर्किल चौराहे पर मनाई गई । महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर समाजसेवी रामगोपाल करोड़ीवाल व भाजपा शहर मंडल उपाध्यक्ष व पूर्व पार्षद धनराज कच्छावा ने दीप प्रजीत कर पुष्प अर्पित किए व उपस्थित समाज बंधुओ ने महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित कर महात्मा फुले को याद किया ।महात्मा फुले का जन्म 11 अप्रैल 1827 को हुआ था ,इस महान समाजसेवी ने अछूतों के लिए सत्यशोधक समाज की स्थापित कि ।उनका यह भाव देखकर उन्हें महात्मा की उपाधि दी गई ,देश में छुआछूत खत्म करने और समाज को मजबूत बनाने में महात्मा ज्योतिबा फुले की अहम भूमिका रही है ।महात्मा फुले ने महिलाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे लाने के लिए उन्होंने महाराष्ट्र में सर्वप्रथम महिला शिक्षा तथा अछूतोद्वार का काम आरंभ किया था ।उन्होंने पुणे में लड़कियों के लिए भारत का पहला विद्यालय खोला था ,लड़कियों और दलितों के लिए पहली पाठशाला खोलने का शर्य महात्मा ज्योतिबा फुले को दिया जाता हैइस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष हेमराज कच्छावा, कैलाश चंद्र झाड़ोलिया, प्रधान करोड़ीवाल, अशोक भभीवाल, राजेंद्र करोड़ीवाल ,महेंद्र बागवाल ,कैलाश चंद अजमेरा ,गिलुराम करोड़ीवाल , बृज नारायण बीदा ,भागचंद ,रामावतार करोड़ीवाल ,छीतर लाल भभीवाल, धर्मराज सुईवाल आदी लोक उपस्थित थे

## संपादकीय

## जब झुंझुनू से चुनाव हार गए थे उद्योगपति कृष्ण कुमार बिड़ला



**राजस्थान धड़कन न्यूज** हरियाणा सीमा पर स्थित राजस्थान का झुंझुनू जिला एक तरफ जहां पूरे देश में सैनिकों के लिए जाना जाता है। वहीं दूसरी तरफ देश के बहुत से बड़े-बड़े उद्योगपति भी झुंझुनू जिले के रहने वाले है। हालांकि सभी बड़े उद्योगपति झुंझुनू जिले से बाहर जाकर अपना व्यवसाय बढ़ा कर उद्योग जगत में अपना नाम कमाया है। मगर कई बार औद्योगिक घरानो के परिवार के सदस्य अक्सर झुंझुनू आते रहते हैं। इसी तरह भारतीय सेना में देश में किसी एक जिले से सबसे अधिक सैनिक झुंझुनू जिले के जवान है। वही देश में सबसे अधिक शहीद भी झुंझुनू जिले के सैनिक हुए हैं।देश में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है।सभी जगह चुनावी चर्चाए जोरों से चल रही है। झुंझुनू जिले में 1971 का लोकसभा चुनाव पूरे देश में चर्चित रहा था।उस समय देश के सबसे बड़े उद्योगपतियों में शुमार बिड़ला घराने के कृष्ण कुमार बिड़ला स्वतंत्र पार्टी से झुंझुनू लोकसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतरे थे।उनके सामने कांग्रेस पार्टी ने एक साधारण किसान के घर जन्मे शिवनाथ सिंह गिल को चुनाव मैदान में उतारा था।पिलानी के रहने वाले बड़े उद्योगपति घनश्याम दास बिड़ला के सुपुत्र कृष्ण कुमार बिड़ला का उस समय देश के उद्योग जगत में एक बड़ा नाम होता था।लाखों की संख्या में लोग बिड़ला घराने के औद्योगिक संस्थानों में काम करते थे।

## मुख्य अभियंता ने जयसमंद झील और आसपास के जल स्रोतों का किया निरीक्षण



**राजस्थान धड़कन न्यूज़** नरेश शर्मा जयसमंद सलूंबर विश्व विख्यात जयसमंद झील में जाखम का पानी लाने की लंबे समय से चल रही मांग को लेकर सरकार के निर्देश पर बुधवार को चीफ इंजीनियर (रिवर बेसिन) विनोद चौधरी ने जयसमंद झील का निरीक्षण किया जहां निरीक्षण के दौरान चौधरी ने नौका में सवार होकर झील का क्षेत्रफल देखा वहीं झील की भराव क्षमता, गहराई सहित अन्य कई प्रकार की जानकारियां जुटाई इस दौरान वीरपुरा उप-सरपंच रामसिंह कंतोड़ा ने गांव में स्थित मोहन सागर तालाब की विभिन्न समस्याओं को लेकर अवगत कराया जिसपर चीफ इंजीनियर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए इसी तरह इंजीनियर चौधरी ने उदयपुर-जयसमंद स्टेट मेगा हाईवे पर स्थित डायाबांध तालाब का निरीक्षण करते हुए परियोजना को देखा वहीं टीडी डैम का भी निरीक्षण किया और टीडी डैम का ओवरफ्लो पानी जावर एनीकेट के माध्यम से डाया बांध तालाब में लाने की परियोजना को देखते हुए जानकारी जुटाई इस दौरान उदयपुर अतिरिक्त मुख्य अभियंता ऋषभ जैन, उदयपुर वृत अधीक्षण अभियंता मनोज जैन, अधिक्षण अभियंता राजेश टेपण, अधिशासी अभियंता हेमंत पनड़िया, सराड़ा एईएन धर्मेंद्र चौबीसा, सलूंबर एईएन मनमोहन सिंह, सराड़ा जेईएन हितेश पटेल और किसान मोर्चा प्रवक्ता वालचंद सहित कई मौजूद रहे।

## गो भक्तों ने घायल गाय के बछड़े का करवाया ईलाज,मालिक का पता लगाकर किया सुपुर्द



**राजस्थान धड़कन न्यूज** योगेश जोशी सलूंबर सराडा बस स्टैंड पर गो रक्षा हिंदू दल सराडा तहसील प्रभारी नितेश पटेल को एक गाय का बछडा बुरी तरह से घायल अवस्था मे दिखा जिस तरह से बछडा बुरी तरह घायल हुआ था उस हिसाब से अज्ञात चार पहिया वाहन ने बछड़े को मार टक्कर दी उसके बाद घसीटा था जिस पर तुरन्त ही पटेल ने पशुपालन विभाग सराडा नोडल अधिकारी डॉ.राजेन्द्र डोरवाल को फोन से अवगत कराया जिस पर तुरंत मौके पहुँचे और पटेल ने गाँव के कुछ युवाओं को फोन कर अवगत करवाने जिस पर युवा मौके पर पहुंचे और बछड़े को गो रक्षा हिंदू दल टीम व ग्रामवासियो के सहयोग से सड़क से एक साइड कर के बछड़े का इलाज रखवाया जहां पर पशुपालन विभाग के कालुलाल पटेल को बछड़े का टैग नंबर भेजा जिस पर उन्होंने पशुपालक का नाम व नंबर की जानकारी दी गो भक्तो ने पशुपालक के पाल सराडा के होने के कारण वहां के स्थानीय पशुपालन विभाग में कार्यरत नाथूलाल से संपर्क कर उन्हें घटना की जानकारी देते हुए स्थानीय पशुपालक होने की जानकारी दी जिस पर वह पशुपालक को लेकर मौके पर पहुंचे।गो भक्तो,ग्रामीणों व टीम ने बछड़े के मालिक को सुपुर्द कर दिया इस सेवा कार्य में पशुपालन विभाग के सुरेश पटेल,गो भक्त कुशाल तेली,भेरूलाल दर्जी,कार्तिक सेवक सहित कई गोभक्तो का सहयोग रहा

# दैनिक राजस्थान धड़कन

पेज 4 दिनांक : 12-04-2024


## बाल बाल बचे युवा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश तेली की पूछी कुशलक्षेम



**राजस्थान धड़कन न्यूज़** (कमल साहू) भीलवाड़ा अखिल भारतीय तेली महासभा युवा प्रदेश अध्यक्ष अपने परिजन संग भीलवाड़ा से वृंदावन के लिए रवाना हुए जयपुर के निकट उनकी कार का एक्सीडेंट हो गया था जिसमें उनके सत्कर्म एवं ईश्वर की कृपा रही कि परिजन सभी बाल-बाल बचे व सकुशल अपने घर लोटेराष्ट्रीय संगठन महामंत्री लादू लाल तेली ने बताया कि खबर सुनते ही अखिल भारतीय तेली महासभा अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं तेली समाज युवा फाऊंडेशन के कार्यकर्ता उनके घर पहुंचे दुपट्टा पहना कर उनका व पुत्र रौनक का स्वागत किया संकट की घड़ी में, प्रभु बांकेबिहारी, राधारानी की कृपा से ओमप्रकाश तेली एवं परिजनो को सुरक्षित बचाने एवं सकुशल घर लौटने पर हाथ जोड़कर ईश्वर को याद किया धन्यवाद किया जीवन में सदा सत्कर्म करते हुए, फूलों की तरह मुस्कुराते रहने की बात करते हुए एडवोकेट ओमप्रकाश तेली को फूलों का गुलदस्ता भेट किया इस मौके पर, राम लक्ष्मण तेली, रामलाल तेली शंकर लाल तेली, गोपाल लाल तेली नंदकिशोर तेली, ज्ञान मल तेली कालू लाल तेली आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे

## ज्योतिबाफुले को किये श्रद्धा सुमन अर्पित



**राजस्थान धड़कन न्यूज़** आशुतोष त्रिपाठी सरवाड़ शहर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में ज्योतिबा जयंती मनाई गई वहीं इस अवसर पर विद्यालय संचालक नोरत माली ने ज्योतिबाफुले पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की इस दौरान प्रधानाध्यापक घीसालाल माली ने भी अपने विचार व्यक्त किये उन्होंने बताया कि महात्मा फुले का जन्म 11 अप्रैल 1827 को हुआ था इस महान समाजसेवी ने अछूतों के लिए सत्यशोधक समाज की स्थापना कि वहीं उनका यह भाव देखकर उन्हें महात्मा की उपाधि दी गई देश में छुआछूत खत्म करने और समाज को मजबूत बनाने में महात्मा ज्योतिबा फुले की अहम भूमिका रही थी महात्मा फुले ने महिलाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे लाने के लिए महाराष्ट्र में सर्वप्रथम महिला शिक्षा तथा अछूतोंद्वार का काम आरंभ किया था उन्होंने पुणे में लड़कियों के लिए भारत का पहला विद्यालय खोला था लड़कियों और दलितों के लिए पहली पाठशाला खोलने का श्रेय महात्मा ज्योतिबा फुले को दिया जाता है इस दौरान कार्यक्रम में पार्षद ओमा मालाकार गणेश माली प्रभु लाल माली दीनू सोनी मधु सैनी ताराचंद माली सुरेश माली नाथू माली कन्हैयालाल माली रंगलाल माली मोतीलाल माली छोटू माली मुकेश माली शंकर माली हंगामी लाल माली साहित अन्य विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा

## ईवीएम कमिशनिंग ट्रेनिंग आज

**राजस्थान धड़कन न्यूज़** योगेश जोशी उदयपुर लोकसभा आम चुनाव- 2024 के तहत ईवीएम कमिशनिंग को लेकर प्रशिक्षण शुक्रवार सुबह 10 बजे से सुखाड़िया रंगमंच सभागार में होगा जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण में सभी संबंधितों के समय पर उपस्थित रहकर ईवीएम कमिशनिंग की संपूर्ण प्रणाली का प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं

## धूमधाम से मनाया गणगौर पर्व



**राजस्थान धड़कन न्यूज़** स्वाति पाठक बघेरा मे बड़े धूमधाम से मनाया गया गणगौर का पर्व महिलाएं सज धज कर बाग से फूल और पत्तियां ध्रुव लाकर घर में गणगौर की पूजा करती है बताया जाता है कि गणगौर का पर्व चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव ने माता पार्वती को और माता पार्वती ने संपूर्ण स्त्रियों को सौभाग्यवती होने का वरदान दिया था पौराणिक मान्यताओं के अनुसार गणगौर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा के लिए समर्पित एक हिन्दू पर्व है जो महिलाओं की समृद्धि और पति की लंबी आयु की कामना से किया जाता है गणगौर का पर्व चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव ने माता पार्वती को और माता पार्वती ने संपूर्ण स्त्रियों को सौभाग्यवती होने का वरदान दिया था। इस व्रत में कथा का बहुत महत्व है

## सामूहिक लड्डू उद्यापन का कार्यक्रम संपन्न



**राजस्थान धड़कन न्यूज़** विनोद नाथ बांसवाड़ा सामूहिक लड्डू उद्यापन का आयोजन किया गया बांसवाड़ा जिले के गढ़ी तहसील ओडवाड़ा परतापुर चौखले के गांव खैरन का पारडा में सामूहिक लड्डू उद्यापन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे ओडवाड़ा परतापुर चौखले के नाथ युवा संगठन युवाओं ने अपना अमूल्य योगदान दिया जिसमें युवा अध्यक्ष प्रेमनाथ गोपीनाथ का गडा उपाध्यक्ष विनोद नाथ रावल और भरत नाथ गढ़ी, नीलकंठ नाथ गढ़ी, दिनेश नाथ खैरन का पारडा,मिडिया प्रभारी कुलदीप नाथ जड़स, महेश नाथ परतापुर कोषाध्यक्ष रविंद्र नाथ खैरान का परड़ा, सोमनाथ चित्तौड़िया, रविंद्र नाथ प्रतापपुर, मनोज नाथ और दिनेश नाथ प्रतापपुर सुरेश नाथ खेरन का परडा एवं जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ आनंदपुरी, ओडवाड़ा प्रतापपुर चौखला अध्यक्ष कानु नाथ खेरन का परडा व डूंगरपुर जिला अध्यक्ष मुकेश नाथ रावल रघुनाथ नाहली पूर्व जिला अध्यक्ष बांसवाड़ा बालक नाथ जी रातडिया कुरनाथ महाराज वकावड़ा,रामनाथ गोपीनाथ गढ़ा, मांगू नाथ पालोदा बस्सी,आदि पदाधिकारी की उपस्थिति में लड्डू उद्यापन समारोह संपन्न हुआ यह जानकारी रामनाथ परतापुर द्वारा दी गई

## महावीर जन्म कल्याणक पर दो दिवसीय परोपकार दिवस का आयोजन

**राजस्थान धड़कन न्यूज़** हुकम सिंह राठौड़ मदनगंज किशनगढ़ में भगवान महावीर स्वामी के 2623 वां जन्म कल्याण महोत्सव दिनांक 21 अप्रैल को बहुत धूमधाम से मनाया जायेगाइस अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी (लगातार 26 वर्षो से) ज्ञानोदय नवयुवक मंडल द्वारा दो दिवसीय परोपकार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैज्ञानोदय मंडल के मंत्री इंदर चंद पाटनी ने बताया कि ज्ञानोदय मंडल की मीटिंग का आयोजन चन्द्रप्रभु भवन में किया गया जिसमे सर्व सम्मती से महावीर जन्म कल्याणक पर इस वर्ष भी परोपकारी कार्य का निर्णय लिया गया जिसमे दिनांक 20 अप्रैल को प्रात: नगर की चारो गोशालाओं मे 2000 पशुधन के लिए लापसी चारा एवं गुड वितरण किया जायेगा मध्यान दो बजे कबूतर शालाओं के लिए धान्य वितरण किया जायेगा दिनांक 21 अप्रैल को यज्ञनारायण चिकित्सालय मे मरीजों को दूध एवं बिस्किट दिए जायेंगे एवं सेवा भारती मे 5 दिन तक निशुल्क भोजन व्यवस्था ज्ञानोदय मंडल की तरफ से रहेगी साथ ही इंद्रा रसोई योजना मे दोनो समय जरूरतमंदो को निशुल्क भोजन कराया जायेगा।मिटिंग मे परोपकार दिवस कार्यक्रम के लिए गौरव पाटनी एंव जितेंद्र छाबड़ा को संयोजक नियुक्त किया गया। तन मन धन से सारी व्यवस्था ज्ञानोदय मंडल के सदस्य ही करेंगे


स्वामी,प्रकाशक बब्रभान वैष्णव ने मुद्रक गोपाल सिंह लबाना द्वारा गुरु नानक प्रिंटिंग प्रेस प्लॉट नं 2 पत्रकार कॉलोनी कोटड़ा अजमेर से मुद्रित करवाकर कार्यालय लिंक रोड राजारेड्डी मदनगंज किशनगढ़ जिला अजमेर 305801 से प्रकाशित किया। सम्पादक बब्रभान वैष्णव